आईआईएम रांची में इंडीजीनस फिल्म फेस्ट का आयोजन 26 और 27 अगस्त को होगा

रांची | आईआईएम रांची, संवाद और टाटा स्टील फाउंडेशन की ओर से आईआईएम कैंपस में 26 और 27 अगस्त को इंडीजीनस फिल्म फेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। इसमें झारखंड में बनी फिल्में दिखाई जाएंगी। पहले दिन 'सिनेमा और आदिवासियता' पर चर्चा की जाएगी, दूसरे दिन 'आदिवासी धरोहर और सांस्कृतिक सहनशीलता' पर ध्यान केंद्रित होगा। इसमें 6 फिल्में दिखाई जाएगी। जिसमें जोहार, बांधा खेत, रैट ट्रेप, सृष्टिकथा, नाची से बांची, गाड़ी लोहरदगा मेल शामिल हैं। यह जानकारी प्रेस कांफ्रेंस में संस्थान के डायरेक्टर प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव, प्रो. गोरव मराठे आदि ने दी।

Dainik Bhaskar_22.08.2023_Pg. 04